हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


12 वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में उन्नत कृषि ...



11 पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक ..




## खबर संक्षेप

### रंजिश के कारण चाकू से हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** कोतवाली थाना अंतर्गत मिलपारा में आपसी रंजिश के कारण आरोपियों ने अमित देवदास से मारपीट की। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मामले में शरद देवदास 26 वर्ष ने मामले की शिकायत की। उसने बताया कि वह गौरा चौरा वार्ड-37 का रहने वाला है। उसका रिश्ते में भाई अमित देवदास जिला अस्पताल में भर्ती है। उसने बताया कि उसने पुकार नामक युवक की बाइक को दो दिन पहले ली थी। वापस करने गया तो उसने चाबी वापस करने पर इतने दिन बाद बाइक दे रहा है कहकर गाली गलौच शुरू कर दी। पुकार के साथी माछी उर्फ मुकेश साहू एवं अन्य ने धारदार वस्तु से हमला कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया। नाबालिग सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### शराब बेचने की फिराक में युवक पकड़ाया

**भिलाई।** छावनी थाना अंतर्गत पावर हाउस के आसपास शराब बेचने के फिराक में घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी का नाम राहीम पिता सगीर अहमद उम्र 20 वर्ष बताया गया है। वह खुर्सीपार सेक्टर 11 खुर्सीपार का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 70 पौवा शोले देशी मसाला शराब जब्त की है। शराब की कीमत 7 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने एक्टिवा सीजी 07 सीडब्लू- 9299 भी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी को नूरी बुक डिपो के पास से पकड़ा। आरोपियों ने दो बोरियों में शराब को भरकर रखा था। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# नवागढ़ में लगातार बारिश से किसानों को राहत पर कीचड़ ने किया आहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

क्षेत्र में शुक्रवार को भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। सुबह से लेकर देर शाम तक रुक-रुक कर होती रही हल्की से मध्यम बारिश ने मौसम को तो सुहावना बना दिया, लेकिन नगर की सड़कों पर जलभराव और कीचड़ से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। गुरुवार से शुरू हुई बारिश ने जहां किसानों के चेहरों पर राहत की मुस्कान ला दी है, वहीं आम नागरिकों के लिए यह बारिश परेशानी का कारण बन गई है। खेतों में अब नमी लौट आई है, जिससे बुआई कार्य को गति मिल रही है। किसान मिथलेश सोनकर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बुआई का काम रुका हुआ था, लेकिन अब खेतों में ट्रैक्टर चलने लगे हैं और फसल की उम्मीदें फिर से जाग गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में आगामी दो दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। इससे तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह मौसम खेती-किसानी के लिहाज से बेहद अनुकूल रहेगा, बशर्ते बारिश संतुलित बनी रहे।

**राहत भी और आफत भी** : नवागढ़ में फिलहाल दोहरी तस्वीर देखने को मिल रही है—एक तरफ खेतों में उम्मीदें हरी हो रही हैं, तो दूसरी ओर नगर कीचड़ और अव्यवस्था से जूझ रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन हालात से निपटने के लिए कितनी तत्परता दिखाता है।

## सड़कों पर जलभराव और कीचड़ से आवागमन बुरी तरह प्रभावित, वाहनों के फिसलने से हो रहे हादसे



### फिसलन से वाहन चालक परेशान

नगर की स्थिति शुक्रवार को और बिगड़ गई। बस स्टैंड, मुख्य बाजार, स्कूल रोड, तहसील सहित कई इलाकों में सड़कों पर कीचड़ और पानी जमा हो गया। दोपहिया वाहन चालकों को फिसलन और जलजमाव के चलते काफी परेशानी हुई, वहीं स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए सड़कों से गुजरना चुनौती बन गया। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत की लापरवाही को इन हालातों के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि हर साल बारिश में यही स्थिति होती है, लेकिन समय रहते नालियों की सफाई नहीं की जाती। रोशन दीवान ने बताया कि नगर में जलनिकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है, और थोड़ी सी बारिश में ही सड़कों पर पानी बहने लगता है।

## शिकायत

### सामाजिक संपर्क मजबूत किया आरोपी दुर्गेश गुप्ता ने फिर उधार के जाल में फंसाया

# व्यापारियों से 40-50 लाख की उधारी लेकर युवक चंपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नवागढ़ में शिकायत दर्ज, पुलिस विवेचना में जुटी

जिले के नवागढ़ थाने में युवक दुर्गेश गुप्ता पर स्थानीय व्यापारियों ने आर्थिक ठगी का बड़ा आरोप लगाया है। थाने में की गई शिकायत के अनुसार, दुर्गेश गुप्ता लोगों से उधारी में करीब 45 से 50 लाख रुपये लेकर ओर मोबाइल बंद कर, घर छोड़कर फरार हो गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि गुप्ता परिवार कुछ साल पहले ही दूसरे प्रदेश से नवागढ़ आया था और यहां डेयरी व्यवसाय से शुरुआत की थी। शुरुआत में ईमानदारी और समय पर लेन-देन की वजह से दुर्गेश ने कस्बे में भरोसा और सामाजिक संपर्क मजबूत किया। दुर्गेश ने इसी आधार पर धीरे-धीरे लोगों से उधारी लेना शुरू किया और रकम बढ़ती गई। शिकायतकर्ताओं में सत्यम ताम्रकार, शानू गांधी, नवदीप सिंह सहित दर्जनों व्यापारी, मजदूर और किसान शामिल हैं। इनका कहना है कि दुर्गेश गुप्ता वर्षों तक समय पर पैसे लौटाकर विश्वास जीतता रहा, लेकिन हाल ही में वह पैसा मांगने पर टालमटोल करने लगा और फिर अचानक लापता हो गया।



### परिजन बोले- दुर्गेश आएगा तभी होगा हिसाब

शिकायतकर्ताओ का कहना है कि जब लोग वसूली के लिए उसके घर पहुंचे तो वहां मौजूद परिजनों ने जवाब दिया कि दुर्गेश के आने के बाद ही हिसाब किया जाएगा। इस जवाब से नाराज व्यापारियों ने थाना नवागढ़ में शिकायत दर्ज कराई।

### तथ्यों की जांच जारी है

थाना प्रभारी अलील चंद ने बताया कि व्यापारियों द्वारा आर्थिक लेन-देन को लेकर शिकायत दी गई है। यह जांच का विषय है कि किसने कितना पैसा दिया, किस प्रकार का लेन-देन हुआ और उसके क्या प्रमाण हैं। सभी तथ्यों और दस्तावेजों की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# डिजिटल फसल सर्वेक्षण पर प्रशिक्षण और कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया प्रशिक्षण

एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025-26 के डिजिटल फसल सर्वेक्षण को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से आज 04 जुलाई 2025 को कलेक्टर कार्यालय बेमेतरा (भू-अभिलेख शाखा) द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कार्यालय स्थित दिशा सभाकक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के सभी तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, प्रत्येक टप्पा राजस्व निरीक्षण मंडल के संबंधित पटवारीगण एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य डिजिटल फसल सर्वेक्षण की प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी देना था, जिससे सर्वेक्षण कार्य में पारदर्शिता एवं सटीकता सुनिश्चित की जा सके। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सर्वेक्षण के विभिन्न चरणों, मोबाइल ▶▶| शेष पेज 11 पर


श्री शिवम, सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा फैमिली फैशन स्टोर, पिछले कई वर्षों से फैशन और विश्वास का दूसरा नाम बन चुका है। 7 शहरों में मौजूदगी और हर उम्र व ज़रूरत को समझने वाली कलेक्शन – जैसे कि साड़ी, कुर्ती, रेडीमेड सूट्स, लहंगा और भी अन्य फैशन की वैरायटी – के साथ, हमने अपने ग्राहकों से एक मजबूत रिश्ता बनाया है। हमारा हर स्टोर सिर्फ कपड़ों की दुकान नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद फैशन डेस्टिनेशन है – जहाँ हर कदम पर साथ है स्टाइल और साथ है आपका भरोसा।




अब इस रिश्ते को और खास बनाने के लिए हम लेकर आए हैं साल की सबसे बड़ी " **TOD PHOD SALE** "! देश के टॉप ब्रांड्स पर मिल रहे हैं धमाकेदार ऑफर्स – Buy 1 Get 1 Free, Buy 2 Get 2 Free, और Upto 50% Off तक की छूट, सब एक ही छत के नीचे. चाहे हो Men's Wear, Women's Wear या Kids Wear – अब हर फैशन की ज़रूरत होगी पूरे स्टाइल और बड़ी बचत के साथ पूरी, सिर्फ श्री शिवम पर.



# शिवमहापुराण के लिए वाटर प्रूफ पंडाल बनेगा, पार्किंग, पेयजल और सुरक्षा के होंगे इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले की कथा 30 जुलाई से जंयती स्टेडियम भिलाई ग्राउंड में शुरू होगी। आयोजन को लेकर गुरुवार को बीएसपी, निगम, पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कथा स्थल का निरीक्षण किया। आयोजक बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह के साथ अधिकारियों ने चर्चा की। बारिश को देखते हुए आयोजन में लाखों शिवभक्तों के हिसाब से सुविधाएं बेहतर करने पर जोर दिया गया।



## कथा स्थल का जायजा लेने पहुंचे बीएसपी व जिला प्रशासन के अधिकारी

### सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल जैसी सुविधाओं

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा की शिवमहापुराण कथा सुनने के लिए लाखों भक्त पहुंचते हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा पहलूओं पर चर्चा की। कथास्थल के चारों तरफ से आवागमन के रास्ते हैं। इसलिए आयोजन समिति और प्रशासनिक अधिकारियों ने ट्रैफिक प्वाइंट कितने और कहां-कहां बनाए जा सकते हैं इस पर रणनीति बनाई। पेयजल, साफ-सफाई और भोजन -भंडारा स्थल निर्माण पर भी चर्चा की गई।

### बनेगा वाटर फ्रूफ पंडाल

शिवमहापुराण कथा सावन के महीने में हो रही है। इसलिए बारिश ज्यादा होगी। इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों ने वाटर फ्रूफ पंडाल बनाने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष दयासिंह से चर्चा की। मुख्य तीन पंडाल यहां लगेंगे । उसके अलावा साइड पंडालों और विस्तारित पंडाल भी बनाए जाएंगे जिसे वाटर फ्रूफ रखा जाना है। इसके अलावा लगातार बारिश होने की स्थिति में पंडाल के साइड में निकासी के इंतजाम भी किए जाएंगे। जिससे कथा स्थल पर पानी जमा न हो।

### इन अधिकारियों ने किया निरीक्षण

सावन की शुभ बेला में होने वाला यह आयोजन न केवल भिलाई, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए आस्था, आध्यात्मिकता और शिवभक्ति का केंद्र बिंदु बनने जा रहा है। मौके का निरीक्षण करने वालों में प्रमुख रूप से एडीएम विरेंद्र सिंह, एडिसनल एसपी सुखनंदन राठौर, एसडीएम दुर्ग हरिवंश मीरी, एसडीएम भिलाई व छावनी हितेश पिस्दा, सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी, तहसीलदार दुर्ग प्रफुल गुप्ता, ईई पीडब्ल्यूडी आशीष भट्टाचार्य, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को तिलक लगाकर कराया स्कूल प्रवेश

दुर्ग। शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय बघेरा में नवप्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष विद्या नामदेव, पूर्व शाला विकाश समिति के अध्यक्ष, भागी गुरुजी, वार्ड पार्षद ललित ढीमर, शिक्षा वृद से मनोहर पटेल जी,तोमेश साहू, किशोर नायक, झाला राम साहू, भूपेंद्र राजपूत, स्कूल के प्राचार्य बंछोर, प्रधान पाठक और स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया और उन्हें शाला परिवार में शामिल होने पर बधाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने छात्रों को शिक्षा के महत्व और शाला के नियमों के बारे में जानकारी दी। बच्चों कों स्कूल यूनिफार्म, अध्यापन का समय के साथ खेल खुद और व्यायाम पर ध्यान देने की बात कही ताकि हमारा शरीर स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा की विद्यार्थी जीवन जो हम सीखते है वो जीवनभर काम आता है।

### प्रवेशोत्सव में बच्चों को बांटी पुस्तके



उतई। मचांदूर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव के दौरान छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और पुस्तक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष नवाब खान ने कहा कि शिक्षा के बिना सर्वांगीण विकास संभव नहीं हैं। प्रवीण यदु अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा उतई मंडल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवाब खान शाला विकास समिति के अध्यक्ष,प्रवीण यदु युवा मोर्चा अध्यक्ष,फलेंद्र राजपूत किसान मोर्चा अध्यक्ष,उपसरपंच दुष्यंत साहू ,पंच मंशा साहू,पूर्व सरपंच दिलीप साहू,धर्मेंद्र साहू युवाचार्य, प्राचार्य बी एन चौधरी,काकोली चौधरी,एस के सिंह,ओपी ठाकुर,पीके रात्रे,पूजा नायर,ज्योति पांडेय,कल्पना खोबरागड़े,श्रद्धा शर्मा, मधुमितारथ,हरीश पटौती, महेंद्र साहू सहित अधिक सांख्य में छात्र छात्राओं उपस्थित थे।

### सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान शुरू



कुम्हारी। केंद्र सरकार की ओर से माह जुलाई में सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान 2025 चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद कुम्हारी में इस अभियान का शुभारंभ पालिका नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने परिसर में हरि झंडी दिखाकर किया गया। उक्त कार्यक्रम में, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर सहित समस्त पार्षदगण एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं जन भागीदारी, जिला समन्वयक गौरव केशरवानी एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वच्छता के मुख्य बिंदुओं के बारे में बताया गया, एवं बीमारी से बचने और आस पास को स्वच्छ बनाए रखने हेतु उपाय बताए गए। अभियान में स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पड़ोस, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ नालिया, जल निकाय एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल के लिए नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की जा रही है।

## पीडब्ल्यूडी ने राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेजा प्रस्ताव

# पुलगांव से ठगड़ाबांध व महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन, भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में जल्द ही तीन बडे प्रोजेक्ट की राज्य शासन से स्वीकृति मिलने के बाद फोरलेन निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग ने शहर में तीन बडे प्रोजेक्ट का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को मंजूरी के लिए भेजा है। जिसमें पुलगांव मिनिमाता से ठंगडा बांध तक फोरलेन और महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन निर्माण किया जाएगा। वहीं चंडी मंदिर से नयापारा वार्ड भी शामिल है। इन तीनों प्रोजेक्ट में 73 करोड रूपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। जानकारी अनुसार पुलगांव से जेल तिराहा तक करीब पांच किमी फोरलेन सडक बनाया जाएगा, जिसमें 30 करोड 38 लाख खर्च किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि, नेशनल हाईवे बाईपास से पुलगांव तक फोरलेन निर्माण के बाद यातायात दबाव बढता जा रहा है। बाईपास से पुलगांव चौक तक आने वाले बडे वाहन जो रायपुर व भिलाई की ओर जाते है। इस दौरान वाहन चालक पुलगांव से महाराज चौक का रास्ता का अधिक उपयोग करते है। जिससे यहां वाहनों का दबाव बढता जा रहा है। इसी रास्ते से बालोद, राजनांदगांव, उतई सहित अन्य मार्ग भी है। जहां रोजाना सैकडों गाडियां चलती है। बहरहाल इस सडक की चौडाई वर्तमान में सिर्फ 22 फीट हैं, इसे बढाकर 55 फीट किया जाएगा। दोनो ओर दो-दो लेन की सडक बनने के दौरान बीच में डिवाइडर और स्ट्रीट लाइन भी बनाया जाएगा।

## तीन बड़े प्रोजेक्ट में खर्च होंगे 73 करोड़ 42 लाख रूपए



### बोरसी की सड़क 22 से 48 फीट होगी

महाराजा चौक से बोरसी तक करीब दो किमी की सडक बनाई जाएगी। वर्तमान में सडक की चौडाई 22 फीट है, लेकिन फोरलेन बनने के बाद इसकी चौडाई 48 फीट तक होगी। इससे वाहनों के आवागमन में राहत मिलेगी। दोनो ओर दो-दो लेन की सडक बनने से दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। यहां फोरलेन बनाने 25 करोड 27 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे।

### चंडी मंदिर से नयापारा सडक होगी सिर्फ चौड़ी

शहर के बीच चंडी मंदिर से नयापारा मार्ग यातायात की दृष्टि से बेहद व्यस्तम हो गई है। ऐसे में इस मार्ग के चौडीकरण की मांग लंबे समय से उठ रही थी। यहां मंदिर होने के चलते भी बडी संख्या में श्रध्दालु पहुंचते है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने एक किमी चौडीकरण करने राज्य शासन को 17 करोड 77 लाख रूपए का प्रस्ताव भेजा है। हांलाकि यहां फोरलेन निर्माण नही होगा, बल्कि वर्तमान में 16 फीट की सडक को 32 फीट तक चौडा किया जाएगा।

### मुआवजे का भी होगा प्रावधान

पीडब्ल्यूडी विभाग को राज्य शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। अफसरों का कहना हैं कि, जितनी राशि निर्माण कार्य में लग रही है। उसकी आधी राशि मुआवजे में चली जाएगी। पुलगांव से जेल तिराहा की बात करे तो यहां पोल शिफ्टिंग और मुआवजे के लिए 18 करोड 86 लाख खर्च होगें। जबकि सडक बनाने में यहां 30 करोड 38 लाख रूपए खर्च हो रहे है। बहरहाल विभाग ने सडक और मुआवजे का प्रकरण बनाकर शासन को भेज दिया है।

### प्रस्ताव भेजे

राज्य शासन को पुलगांव से जेल तिराहा और महाराजा चौक से बोरसी व चंडी मंदिर मार्ग में चौडीकरण किए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने ही निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

-आशीष भट्टाचार्य, ईई पीडब्ल्यूडी विभाग दुर्ग

### बजट में शामिल

शहर के लिए तीनों प्रोजेक्ट बेहद महत्वपूर्ण है। तीनों प्रोजेक्ट को बजट में शामिल कर लिया गया है। शासन से जल्द ही स्वीकृति भी मिल जाएगी।

-गजेन्द्र यादव, विधायक दुर्ग

# स्कूलों में नहीं बटी किताबें कांग्रेसियों ने घेरा दफ्तर

## पूर्व महापौर बाकलीवाल ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले की शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा सत्र शुरू हुए 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक बच्चों को पाठ्यपुस्तकें और अभ्यास कॉपियाँ नहीं दी गई हैं। इस लापरवाही के खिलाफ मंगलवार को दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय पहुँचकर अधिकारियों को घेरा और जवाब तलब किया। डीईओ कार्यालय पहुंचने से पहले बाकलीवाल ने गवर्नमेंट जेआरडी स्कूल का दौरा किया और वहाँ के प्राचार्य एवं विद्यार्थियों से मुलाक़ात कर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने बताया कि, अभी तक उन्हें किताबें नहीं मिली हैं। जिससे उनकी पढ़ाई में लगातार बाधा आ रही है। धीरज बाकलीवाल ने बताया कि उन्हें प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्तर के 34 संकुलों में से 22 संकुलों में और हायर सेकंडरी के 12 संकुलों में अब तक पुस्तकें नहीं पहुँच पाई हैं, जो बेहद गंभीर लापरवाही है। उन्होंने इस देरी के लिए शिक्षा विभाग की जवाबदेही तय करने की माँग की। बाकलीवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार इस बार नई बारकोडिंग व्यवस्था के तहत किताबें बाँट रही है। पहले किताबें आएंगी, फिर उनकी स्कैनिंग होगी, फिर वितरण होगा। इस पूरी प्रक्रिया में अभी और 10 दिन लगने की संभावना है। मतलब कुल 25 दिन तक छात्र बिना किताब के रहेंगे, जो बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद दीपक साहू, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, मनदीप भाटिया, विजेंद्र भारद्वाज, विजय चंद्राकर, सुशील भारद्वाज, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा, प्रभारी सचिव अनूप वर्मा, गौरव उमरे, प्रदेश संयोजक चिराग शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण केवलतानी आदि मौजूद थे।

### अव्यवस्था नहीं करेंगे बर्दाश्त

पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि, पढ़ाई की नींव किताबों से पड़ती है, और 15 दिन बाद भी बच्चे खाली हाथ हैं। शिक्षा के साथ यह अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# टाटा स्टील ने जीता विजेता का खिताब, इस्को उपविजेता




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड (एसपीएसबी) अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता आज संपन्न हो गई। भिलाई निवास के एमपी हॉल में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी थे। विशिष्ट अतिथि सीजीएएम संदीप माथुर, अध्यक्ष (सेफी व शतरंज क्लब अध्यक्ष एन के बंछोर, सीजीएम तपन कुमार घोष, पूर्व ओलंपियन व डीजीएम राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, सचिव अलंकार भिवगड़े सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में प्रमुख इस्पात संयंत्रों से 9 टीमों ने भाग लिया। जिनमें टाटा स्टील की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इस्को बर्नपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही तथा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागी टीमों में भिलाई इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर स्टील प्लांट, सेलम स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, जेएसयू स्टील लिमिटेड एवं विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट की टीमें शामिल थीं। मुख्य अतिथि श्री गिरी ने कहा कि शतरंज हमें जिंदगी में सही कदम लेने का सीख देता है, उन्होंने हार और जीत को जीवन का हिस्सा बताया। हमें इनसे सीखते हुए अगली बार बेहतर कदम उठाने हेतु प्रेरित होना चाहिए। स्वागत भाषण श्री बंछोर ने किया। संचालन एससीसीए विभाग के सुप्रियो सेन व आभार प्रदर्शन राजेंद्र प्रसाद ने किया।

## बोरई एक वर्ष के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने टॉपवर्थ स्टील्स एवं पॉवर प्राइवेट लिमिटेड बोरई को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 25, 26 (1) (2) के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत जिला मजिस्ट्रेट को दी गई अधिकारिता के अनुसार सपूर्ण क्षेत्र को एक वर्ष अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा। यह आदेश 1 जुलाई से अधिकतम एक वर्ष के लिए लागू कर दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा आवश्यकतानुसार आदेश में आवश्यक संशोधन किया जा सकता है। बता दें कि इस क्षेत्र में 50 से ज्यादा छोटे-बड़े उद्योग है। औद्योगिक लिहाज से इस क्षेत्र को संवेदनशील क्षेत्र माना गया है। इसके कारण जिला प्रशासन ने बोरई के उक्त क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। बिना अनुमति यहां किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# पौधारोपण के बाद उनकी देखरेख करने वाली महिलाओं को मिलेंगे एक हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक हुई। बैठक में 25 विभागों से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु एक पेड़ मां के नाम और एक सोखता संतान के नाम पहल रही। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे। सांसद बघेल ने कहा कि पर्यावरण हित को ध्यान में रखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार ने शहरी क्षेत्री में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु एक नई पहल प्रारभ की है। इसके अंतर्गत प्रत्येक महिला जो वृक्षारोपण कर पोधों का जतन करेंगी उन्हें 1 हजार रुपए प्रति पेड़ के मानदेय मिलेगा। महिला स्व सहायता समूह में पर्यावरण के प्रति जागरूक बढ़ेगी। आय में भी वृद्धि होगी। 20 हजार से ज्यादा पौधे रोपने की तैयारी है। दिशा समिति की बैठक में कृषि क्षेत्र में हो रही प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। बताया गया कि गेहूं की खेती का रकबा बढ़ा है, जो किसानों के लिए एक शुभ संकेत है। इसके साथ ही, कपास, सूरजमुखी और मक्का के उत्पादन में भी लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। बैठक में अन्य विषयों को लेकर भी चर्चा की गई।

- सांसद विजय बघेल ने विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की बैठक में की समीक्षा
- 20 हजार से ज्यादा पौधे रोपने की तैयारी, अन्य विषयों को लेकर बैठक में हुई चर्चा



# अमरनाथ तीर्थ यात्रा के लिए निकला युवा का जत्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

नगर के श्रद्धालु युवाओं का जत्था देवाधिदेव भगवान शंकर के दर्शनार्थ अमरनाथ तीर्थ यात्रा करने अनवरत तीन वर्षों से जा रहा है। उनकी इस पवित्र यात्रा का शुभारम्भ पहलगाम से होगा ।युवाओं के इस यात्रा के लिए राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय ने युवाओं से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी । इस यात्रा में आशीष शुक्ला, विकास शुक्ला, घनश्याम शुक्ला, अम्बुज सिंह, सतीश यादव, सात्विक तिवारी, आलोक दुबे, मनीष श्रीवास्तव, गिरीश सोनी, मनोज पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय और मोहित पटेल आदि शामिल हैं ।

## कलेक्टर सिंह ने धान संग्रहण केन्द्रों का किया निरीक्षण

# संग्रहण केन्द्रों में 25 लाख रुपए क्विंटल धान डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले साल के धान का अब तक उठाव नही किए जाने के चलते करोडों रूपए का धान बारिश में भीगने के कगार पर हैर। संग्रहण केन्द्रों में करोडों रूपए से अधिक का धान डंप होने से इसके खराब होने की स्थिति निर्मित हो गई है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिले के धान संग्रहण केन्द्र क्रमशः जेवरा-सिरसा, अरसनारा, कोड़यिा एवं सेलूद का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर भण्डारित धान के उठाव, धान के उठाव हेतु लगायी गई वाहन, ट्रक लोडिंग हेतु हमालों की व्यवस्था, संग्रहण केन्द्र में वाहन न फंसे इस हेतु पहल के संबंध में केन्द्र प्रभारी से जानकारी ली। कलेक्टर ने धान के उठाव में प्रगति लाने डीएमओ और केन्द्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने संग्रहण केन्द्र में धान भण्डारण एवं उठाव के मैनुअल और ऑनलाईन डिफेरेंस का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला विपणन अधिकारी भौमिक बघेल भी साथ मौजूद थे। कलेक्टर ने संग्रहण केन्द्रों में धान के स्टेग को बारिश से बचाने, पर्याप्त केप कव्हर की व्यवस्था रखने तथा वाहनों के लिए निर्धारित मार्ग पर मलबा एवं मुरूम डालकर मरम्मत कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने संग्रहण केन्द्र प्रभारियों को हमालों की टोली बढ़ाने कहा ताकि वाहन लोडिंग करने में सहुलियते होगी और लोडिंग वाहने शीघ्र रवाना की जा सकेगी, जिससे धान के उठाव में प्रगति आएगी। उल्लेखनीय है कि जिले के धान संग्रहण केन्द्र में कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से भी धान भण्डारित किया गया है। जिले के धान संग्रहण केन्द्रों में 251727 मेट्रिक टन धान भण्डारित किया गया है।



### चार संग्रहण केन्द्रों डंप किए गए धान

जिले के संग्रहण केन्द्र अरसनारा में 32242 मेट्रिक टन, कोड़िया में 78229 मेट्रिक टन, जेवरा-सिरसा में 29372 मेट्रिक टन और सेलूद में 111884 मेट्रिक टन भण्डारित धान शामिल है। संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव मिलर्स द्वारा और नीलामी द्वारा किया जा रहा है। अब तक कुल 65797 मेट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। मिलर्स द्वारा संग्रहण केन्द्रो से 17137 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। इसी प्रकार नीलाम द्वारा 48664 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। संग्रहण केन्द्रों से धान के उठाव कार्य नियमित चल रही है।

**खबर संक्षेप**



## 13 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत निर्मित भूतल के मकानों का आबंटन किया गया। लाटरी में 13 वरिष्ठजन एवं दिव्यांगजन हितग्राहियों को शामिल कर आवास आबंटन किया गया। प्रमुख स्थल सूर्या विहार के पीछे 1 एवं कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे 12 मकानों का आाबंटन किया गया है। महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू एवं एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर के उपस्थित में वरिष्ठ/दिव्यांगजन के 6 एवं सामान्य के 7 हितग्राहियों की लाटरी निकाली गई। हितग्राहियों ने कहा यह हमारा सपना था कि हमें अपना स्वयं का मकान मिले। यह सरकार एवं नगर निगम भिलाई के प्रयास से ही सफल हो पाया है, हम सब बहुत खुश है। आवास आबंटन के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता वीनिता वर्मा, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी, थलेश्वर जोशी, सी.एल.टी.सी. किरण चतुर्वेदी, आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जेएलएन अस्पताल में लगाया मेडिकल कैंप

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन हास्पिटल सेक्टर द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। ईडी डां. एम रविंद्रनाथ व सीएमओ डां. कौशलेंद्र ठाकुर सहित डाक्टरों की टीम ने राजहरा माइंस में एक विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया, जिसमें 600 से अधिक मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविर में जेएलएन अस्पताल के चिकित्सकों डॉ. प्रमोद बिनायके, डॉ. सुबोध साहा, डॉ. पी. मर्सी, डॉ. रुचिर भटनागर, जूनियर मैनेजर संध्या देवी शर्मा, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिग्विजय तथा डीएनबी डां. रेहान, डां. मनोज डहरवाल और पुनीत ने सेवाएँ प्रदान की।

**पेज 9 का शेष**

## डिजिटल फसल ...

ऐप्लिकेशन के उपयोग, खेत की जीआईएस आधारित मैपिंग, फसल की वास्तविक स्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया एवं फील्ड डाटा एंट्री से जुड़ी तकनीकी जानकारियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर भू-अभिलेख शाखा की प्रभारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या पोटाई तथा अधीक्षक भू-अभिलेख श्री वीरेंद्र साय उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए इस परियोजना की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण से शासन को वास्तविक फसल आँकड़ों की उपलब्धता होगी, जिससे किसानों के हित में योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी रूप से पहुँच सकेगा। कार्यक्रम का समापन अधिकारियों द्वारा फील्ड स्तर पर कार्य करने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र में निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित फसल सर्वेक्षण संपन्न करें।

### शाला प्रवेश उत्सव मे विधायक दीपेश साहू हुए बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

# पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहे हैंः दीपेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिंघौरी में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, वहीं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। अतिथियों का स्वागत बुके भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के प्राचार्य रामगोपाल चंद्राकर ने स्वागत भाषण में अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की उपलब्धियाँ गिनाईं।

- कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत किया गया पौधारोपण

कार्यक्रम मे विधायक दीपेश साहू ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि वर्षा के बीच इस प्रकार के भव्य आयोजन की व्यवस्था करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसके लिए विद्यालय परिवार बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों की रुचि आधारित और कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सके।उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि लक्ष्य तय करके आगे बढ़ो, शिक्षा ही आगे बढ़ने का माध्यम है। जब तक खुद आगे नहीं बढ़ोगे, तब तक कोई तुम्हें आगे नहीं ले जाएगा। उन्होंने कहा कि "गरीब पैदा होना कोई अपराध नहीं, लेकिन गरीब मरना एक बहुत बड़ी विफलता है।विधायक ने स्कूली मैदान के लिए बाउंड्री वॉल, किचन निर्माण, साइकिल स्टैंड एवं अन्य संसाधनों की शीघ्र उपलब्धता का आश्वासन भी दिया। साथ ही "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने भी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के अभिभावक शिक्षा के प्रति सजग हैं और बचपन से ही बच्चों को विद्यालय भेजते हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा प्रारंभ किए गए आंगनबाड़ी केंद्रों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने "नालंदा परिसर" के शीघ्र भूमि पूजन की जानकारी देते हुए विधायक श्री दीपेश साहू का आभार व्यक्त किया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष युगल किशोर देवांगन, हर्षवर्धन तिवारी, महेश साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष डी. टी. मानिकपुरी, पार्षद विकास तंबोली, गौरव साहू, नीतू कोठारी, निखिल साहू, सेवा सहकारी समिति बेमेतरा के अध्यक्ष दोहई लाल वर्मा, कमलेश वर्मा, राकेश वर्मा, डॉ. विनय साहू, ओंकार साहू, राजीव तंबोली, सुरेंद्र साहू, चंद्रशेखर वर्मा विद्यालय के समस्त शिक्षकगण—प्रकृति शर्मा, समीर कुमार यादव, विनोद कुमार साहू, माधुरी साहू, विभा विश्वकर्मा, खुशबू साहू, तुषार सर्वे, दीपिका साहू, प्रह्लाद लहरे, वेदिका साहू, अनिल खांडे, आशीष यादव आदि उपस्थित रहे।

# माता जुड़वास की पूजा में सेवा मंडलियों ने दी शानदार प्रस्तुति



**थानखमरिया।** नगर के दाऊ चौरा में खेतिहर मजदूर संघ के तत्वावधान में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर शीतला माता जुड़वास पूजा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह विशेष पूजा महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के उपरांत प्रारंभ गुप्त नवरात्रि के अंतर्गत संपन्न की गई, जिसे तंत्र-मंत्र यंत्र साधना की दृष्टि से विशेष महत्व प्राप्त है। वार्ड क्रमांक 8, 9 एवं 10 के सहयोग से हुए इस आयोजन में नगरवासियों व क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। शीतला माता से नगर के समस्त जनों के लिए आरोग्य, सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचलों से लगभग 10 माता सेवा मंडलियों ने शंख-ढोल-मंजीरों के साथ पारंपरिक भजन व देवी जस गीतों की सजीव प्रस्तुति दी। भक्तिरस से सराबोर यह आयोजन देर रात तक चलता रहा, जिसमें श्रद्धा व अध्यात्म का अद्भुत समावेश देखने को मिला। माना जाता है कि राजा विक्रमादित्य को शीतला माता के आशीर्वाद से ही नवरत्न और चक्रवर्ती सम्राट बनने का वरदान प्राप्त हुआ था। इसी विश्वास और श्रद्धा के साथ यह आयोजन हर वर्ष गुप्त नवरात्रि में विधिपूर्वक किया जाता है। इस आयोजन को सफल बनाने में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, श्रीराम सत्संग मानव समिति संयोजक अनिल सिंघानिया, पार्षद प्रवेश नेताम, अर्जुन सिंन्हा, अमर सिन्हा, लोकनाथ सिन्हा, भरत सिन्हा, चंदन सिन्हा, राजेश यादव, मोहित सिन्हा, मूलचंद सिन्हा, लेखराम सिन्हा, रामलोचन सिन्हा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की प्रमुख भूमिका रही। मंच संचालन की जिम्मेदारी छेदीलाल सेन ने कुशलता से निभाई।

# कलेक्टर ने नगर पंचायत दाढ़ी का किया व्यापक निरीक्षण दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने नगर पंचायत दाढ़ी का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों एवं नगरीय व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित सार्वजनिक सुविधाओं जैसे पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, कचरा निपटान, सड़कें और सार्वजनिक शौचालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत के अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय प्रशासन की जवाबदेही बढ़ी है और जनता को मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलनी चाहिए। उन्होंने स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी विशेष जोर दिया।



### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित के कार्यक्रम स्थल का जायजा

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रस्तावित दौरे को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने नगर पंचायत दाढ़ी स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन स्थल की समग्र व्यवस्था का सूक्ष्म अवलोकन किया, जिसमें मंच निर्माण, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, पार्किंग स्थल, विद्युत आपूर्ति, आपातकालीन सेवाएं तथा सुरक्षा व्यवस्था शामिल थीं। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के दौरे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने समयबद्ध कार्य योजना बनाकर समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यक्रम के पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुस्पष्ट, सुरक्षित और व्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों से लेकर नगर प्रशासन और लोक निर्माण विभाग तक सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और संपूर्ण तैयारियां समयसीमा में पूर्ण कर लें।

### कलेक्टर ने छात्रों से की आत्मीय बातचीत

कलेक्टर शर्मा ने नगर पंचायत दाढ़ी प्रवास के दौरान शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। विद्यालय पहुंचकर उन्होंने कक्षाओं का भ्रमण किया तथा विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई, विषयों की समझ, शिक्षक की उपस्थिति तथा अध्ययन में आने वाली कठिनाइयों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कई छात्रों ने आत्मविश्वास के साथ अपने विषयों से जुड़े उत्तर दिए, जिस पर कलेक्टर ने उनकी सराहना की। कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि वे छात्रों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करें। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे जीवन में सकारात्मक बदलाव संभव है।

साथ ही विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और शौचालय की स्थिति का भी उन्होंने अवलोकन किया और जरूरी सुधार हेतु सुझाव दिए। गौरतलब है कि बड़ादेव शिव मंदिर क्षेत्र का एक प्राचीन और ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल हैं। इस दौरान एडीएम अनिल वाजपेयी, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, महिला बाल विकास अधिकारी सीसोदिया सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## इस्पात गलन शाला में राजभाषा कार्यशाला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात गलन शाला क्रमांक–3 विभाग के वेलफेयर बिल्डिंग 5 स्थित सभागार में राजभाषा कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि सीजीएम त्रिभुवन बैठा थे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस, डी विजित व दिलीप वार्ष्णेय, उप महाप्रबंधक कमल किशोर, हितेश डोंगरे, रजत सरकार, जावेद अहमद अंसारी, सहायक महाप्रबंधक प्रकाश आत्मपूज्य, वरिष्ठ प्रबंधक श्रुति पाण्डेय, उप प्रबंधक पुष्पा गढ़े आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री बैठा ने कहा कि हम विभागीय स्तर पर संपूर्ण नोटिंग, ड्राफ्टिंग एवं ई–मेल आदि हिंदी में ही करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रतिवेदन महाप्रबंधक उमाशंकर परगनिहा ने पढ़ा कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मेंप्रथम सीनियर मैनेजर लोकेश प्रसाद मोगरे, द्वितीय– संतोष कुमार पाण्डेय, उप प्रबंधक अर्चना अतिका सिंह रहीं।

## भरदा ग्राम पंचायत में पौधारोपण किया गया ...



**साजा।** ग्राम पंचायत भरदा में हरिहर गांव को लेकर उत्साह से वृक्षारोपण किया गया। ग्राम की सरपंच श्रीमती धनेश्वरी साहू उप सरपंच शिवकुमार पंच गोकुल धर्मेंद्र सरस्वती बाई जानकी बाई गंगा गणपत कविता बाई ग्राम सचिव टीकम वर्मा रोजगार सहायक सहित ग्रामीणों ने मिलकर पंचायत प्रांगण स्कूल आंगनबाड़ी तालाब के अलावा अन्य स्थानों पर फलदार वृक्षों का रोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

# कमजोर प्रदर्शन वाले प्राचार्यों को थमाया जाएगा नोटिस, पुनः मनाया जाएगा शिक्षा गुणवत्ता वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में जिले के हाई/हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड स्रोत समन्वयकों एवं संकुल समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद कलेक्टर रणबीर शर्मा ने वर्ष 2025 की हाई/हायर सेकंडरी परीक्षा में राज्य प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को रजत पदक से एवं जिले के टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों प्रतीक चिन्ह से तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को ट्रैक सूट एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया। कलेक्टर ने इस मौके पर विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों, प्राचार्यों एवं विद्यार्थियों से अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने पूर्ण क्षमता एवं ईमानदारी से परिश्रम करने प्रोत्साहित किया। उन्होने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के बिंदुवार क्रियान्वयन हेतु सक्रिय रूप से कार्य करने की बात कही, साथ ही उल्लास शपथ भी दिलाई। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बैठक के विभिन्न एजेंडे पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव का गरिमामय आयोजन, पाठ्यपुस्तकों के वितरण एवं स्कैनिंग, गणवेश एवं सायकल वितरण, एक पेड़ माँ के नाम, विद्युत देयकों का भुगतान, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, रंग रोगन, गुणवत्ता युक्त शिक्षा हेतु कार्य योजना, हाई/ हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम, 5वी एवं 8वी की केंद्रीयकृत परीक्षा सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं पर राज्य से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वयन करने जोर दिए वही सहायक जिला परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पर राज्य से प्राप्त 20 बिंदुओं की कार्य योजना बताई। प्रोग्रामर नेहिल वर्मा एवं चंदन देव ने समग्र शिक्षा अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर अपनी बात रखी। जिसमें शाला अनुदान का समुचित उपयोग, यू डाईस का अद्यतीकरण, अपार आई डी, व्यावसायिक शिक्षा, आईसीटी ट्रेनिंग, पाठ्यपुस्तकों की स्कैनिंग, विद्यालयों को भेजी जा रही सामग्रियों की गुणवत्ता निरीक्षण, आदि महत्वपूर्ण थे। उक्त बैठक में सहायक परियोजना समन्वयक धनंजय शर्मा, जिले के चारों विकासखंड के शिक्षा अधिकारी, स्रोत समन्वयक, एवं प्राचार्य सहित अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एस.डी.एम. प्रकाश भारद्वाज उपस्थित थे।

- कलेक्टर और डीईओ ने ली जिले के प्राचार्यों, बीईओ बीआरसी और संकुल समन्वयकों की बैठक
- टॉप 10 में स्थान बनाने वाले और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया गया सम्मान




**बोर्ड टॉपर्स को चांदी का सिक्का, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का सम्मान**

कार्यक्रम में जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को बेमेतरा जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के सात होनहार विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे द्वारा चांदी के दस-ग्राम के सिक्के प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिले के उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी सम्मान मिला जिन्होंने नेशनल गेम्स में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक हासिल किए। इन खिलाड़ियों को कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा ट्रैक सूट और की-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान खिलाड़ियों और विद्यार्थियों के परिजनों की उपस्थिति ने माहौल को और भी गौरवमयी बना दिया।

इस दौरान शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए कड़ा अनुशासन आवश्यक है। इसी क्रम में, जिले के जिन विद्यालयों का बोर्ड परीक्षा में प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है, उनके प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उनसे सात दिवस के भीतर लिखित जवाब मांगा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष को भी शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान शिक्षकों की जवाबदेही तय करने, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाने और नवाचारों को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# जैन साधु-साध्वी वृंदों को नगर में मंगल प्रवेश सात को

**साजा।** श्री आदिनाथ प्रभु की असीम कृपा से जैन श्री संघ साजा के तत्वाधान में वर्ष 2025 का शासनोत्कर्ष वर्षावास (चातुर्मास उत्सव) 7 जुलाई सोमवार को प्रवेशोत्सव के साथ प्रारम्भ होगा। उल्लेखनीय है साजा नगरी की पुण्यधरा पर सकल श्री संघ की भावना एवं विनंती को स्वीकार कर श्री सूरीश्वरजी मसा ने अपने शिष्य मुनि श्री श्वेततिलक विजयजी मुनि भगवंत साध्वी श्री चैत्यदर्शिता श्री जी म०सा० आदि 8 साध्वीजी भगवंत को चातुर्मास हेतु स्वीकृति प्रदान किए है।

साजा नगर में प्रथम बार 15 साधु-साध्वीजी भगवतों का चातुर्मास हो रहा है, इससे सकल संघ में हर्षोल्लास का वातावरण है। प्रवेश उत्सव पर देशभर से अनेक गुरुभक्तों का आगमन भी हो रहा है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न श्रीसंघों एवं गुरुभक्तों की समृद्ध उपस्थिति में गुरुभगवंतों का सामैय्या प्रवेशोत्सव 7 जुलाई सोमवार को श्री अमरचंद बागरेचा के निवास स्थल परसबोड़ से प्रारम्भ होगा! बाजे-गाजे व बैंड नृत्य दल कलशयात्रा सह जुलूस के साथ गुरु भगवंत चतुर्विध संघ के साथ चातुर्मास आराधना हेतु नगर प्रवेश करेगें! पूज्यवरों की निश्रा में प्रतिदिन 9 से 10 बजे जैन भवन साजा में प्रवचन होगा। प्रत्येक रविवार को 'जीवन जीने की कला' विषयांतर्गत विशेष प्रवचन अम्बेडकर भवन से सुबह 9 से 10 बजे होगा। साधु भगवंत की निश्रा में श्रावक वर्ग के साथ लिए प्रातः 6.30 से 7.30 बजे स्वाध्याय एवं रात्रि 8 से 9 बजे धर्म-चर्चा पं. राधाकिशन शर्मा काम्पलेक्स तथा श्राविकाओं के लिए साध्वीजी भगवंत की निश्रा में दोप० 2.30 से 3.30 बजे वांचना, शाम 4 से5 बजे बच्चों की पाठशाला, रात्रि 8 से 9 बजे श्राविकाओं के लिए सूत्र संवेदना कार्यक्रम जैन भवन में प्रतिदिन आयोजित होगा। सकल जैन संघ-साजा, श्री आदिनाथ जैन मंदिर साजा,एवं वर्षावास समिति साजा के पदाधिकारियों ने सकल समाज को आमंत्रित करते हुए चातुर्मास प्रवेश उत्सव पर पधारने का अनुरोध किया है।।

# आयुक्त ने पीएम आवास के हितग्राहियों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रं. 4 शिवाजी नगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 के रूके हुए लिंटेल, फाउन्डेशन एवं रूफ के घरों का निरीक्षण किया। वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर खुर्सीपार में आनंद मसीह, कृष्ण दत्त पाण्डेय, राम प्रसाद द्वारा मकान का निर्माण किया जा रहा है। हितग्राहियों से मिलकर जानकारी प्राप्त किये और मकानों को शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के हितग्राहियों के घरों का अवलोकन किया गया। हितग्राही राम कुमार साहू, रानी बाई साहू, निर्मला देवी एवं मंगलहीन बाई को बताया गया कि भवन अनुज्ञा प्राप्त होने पश्चात घर के सामने 3.5 मीटर रोड के लिए जगह रिक्त रखते हुए मकान का निर्माण किया जावे। घर के सामने का जगह आवागमन के लिए छोड़ा जावे, जिससे आने वाले समय में राहगिरों को परेशानी न हो। सभी बातों को ध्यान रखते हुए शीघ्र मकान निर्माण का कार्य चालू करने कहा गया।

- पीएम आवास योजना 1.0 के रुके हुए कार्यों का किया निरीक्षण

समीपस्थ निर्माणाधीन सीवरेज लाईन का निरीक्षण किया गया, संबंधित जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा को निर्देशित किया गया कि इस बात का ध्यान रखा जावे कि बरसात का पानी गढढे में न भरे। पानी भरने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इस हेतु कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, वेंकट, किरण चतुर्वेदी, आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा, सर्वेयर आदि उपस्थित रहे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

खबर संक्षेप

## बोरी तहसील का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार



**धमधा।** धमधा ब्लाक के बोरी तहसील के बाबू वीरेंद्र तुर्काने को एसीबी ने 17500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों को गिरफ्तार किया। आरोपी ने किसान के जमीन के प्रामाणिक के लिए 17500 की रिश्वत मांगी थी। टेकापार निवासी किसान ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर से की थी। उसने शिकायत में कहा था कि टेकापार में जमीन खरीदी थी। इसके नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय बोरी के बाबू वीरेंद्र से उसने संपर्क किया। उसके द्वारा कर जमीन के नामांतरण के लिए प्रति जमीन 500 के हिसाब से 20000 रिश्वत की मांग की गई। वीरेंद्र तुरकाने को 17500 रिश्वत लेते रंगे हाथों एसीबी की टीम ने पकड़ा। उसके विरुद्ध धारा 7 पीसी एक्ट 1988 के प्रधान के तहत कार्रवाई की गई।

## ट्रैक्टर और हाईवा में टक्कर, चालक गंभीर

**सेलूद।** उतई-पाटन मार्ग पर सेलूद के बाद सड़क हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। गुरुवार की सुबह सेलूद से गोड़पेंड्री मार्ग पर प्रसाद बाड़ी के पास हाईवा और ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहन के चालकों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की वजह से मिटकट को तोड़कर वाहनों के गुजरने को बताया जा रहा है। बता दें कि जिस जगह पर दुर्घटना हुई, वहां पर पहले भी बहुत से हादसे हो चुके हैं। इस कारण रास्ता के बंद कर मिडिल कट बनाया गया था। सड़क दुर्घटना में हाइवा सीधे रोड पर आ रहे थे। ट्रैक्टर चालक ने मिडिल कट पार करने स्पीड बढ़ाई और सामने से आ रहा हाईवा अनियंत्रित हो गया। पहले ट्रैक्टर को ठोकर मारी। इसके बाद पास के ही मशरुम उत्पादन केंद्र के दीवार को तोड़ दिया।

## करेला में मिला था मवेशियों से भरा ट्रक, आरोपी 14 महीने बाद गिरफ्तार

**भिलाई।** रानीतराई थाना अंतर्गत ग्राम करेला में 15 अप्रैल 2024 को लावारिस हालत में मिले ट्रक की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस ट्रक से पुलिस ने स्थानीय लोगों की सूचना पर 12 मवेशियों को जब्त किया गया। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। ट्रक यूपी-11 सीटी 5490 के बारे में पतासाजी की गई। वास्तविक मालिक के बारे में पता किया गया, तो पता चला कि उसने ट्रक किसी दुधली जनकपुरी जिला सहारनपुर यूपी के जब्बार पिता मोहम्मद शमीम गौरी उम्र 29 वर्ष को बेच दी है। पुलिस ने उसके विरुद्ध छग पशु क्रूरता परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। पता चला कि वह एनडीपीएस के एक मामले में बिलासपुर के हीरी थाना में दर्ज अपराध में जेल में निरुद्ध है।

## सीसीटीवी कैमरे ही उड़ा ले गए चोर, 2 गिरफ्तार



**भिलाई।** जामुल थाना मंगल बाजार पुरानी बस्ती निवासी चंद्रशेखर तिवारी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे ही चोर उड़ा ले गए। चंद्रशेखर ने ये कैमरे में चोरों से बचाव के लिए लगा रखे थे। सूचना पर जामुल पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद आरोपी पकड़े गए। आरोपियों में विक्की पिता रंजीत सिंह उम्र 27 साल निवासी युवा अंकुश चौक, समीर उर्फ सम्मी पिता निशार खान उम्र 20 साल शामिल हैं। दोनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि चन्द्रशेखर की शिकायत पर अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की गई। घटना 28 जून की रात की बताई गई। कैमरों की कीमत 12 हजार थी। पुलिस ने आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इसमें दो संदिग्ध युवक नजर आए। उनके बारे में पतासाजी की गई। उन्हें पकड़कर पूछताछ की गई।

---

बैठक : कृषि विज्ञान केन्द्रों की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की हुई बैठक

# वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में उन्नत कृषि तकनीक पर कार्ययोजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस.एस. टूटेजा के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा में बेमेतरा, कवर्धा एवं मुंगेली की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन जिले में खरीफ, रबी एवं ग्रीष्मकालीन मौसम में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मछली पालन क्षेत्रों में उन्नत तकनीकों के प्रसार और समस्याओं के समाधान हेतु कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से किया गया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जी.पी. आयाम, वैज्ञानिक, निदेशालय विस्तार सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा की गई। उन्होंने बैठक की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों से तकनीकी सुझाव साझा करने की अपील की। कार्यक्रम के शुभारंभ में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर (केवीके बेमेतरा) ने स्वागत भाषण देते हुए कृषि विज्ञान केन्द्रों की भूमिका को किसान और अनुसंधान के मध्य सेतु के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि विज्ञान और अनुसंधान के साथ समन्वय बनाकर नये नवाचारों को अपनाना चाहिए। बैठक में डॉ. संदीप भंडारकर, अधिष्ठाता, रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया बेमेतरा ने छत्तीसगढ़ की दलहन एवं तिलहन फसलों की स्थिति पर विस्तार से जानकारी दी और फसल चक्र अपनाने की सलाह दी। विशेष अतिथि डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि कृषि समय आधारित प्रक्रिया है, अतः उन्नत बीज, जैव उर्वरक, बायोपेस्टीसाइड व अन्य कृषि आदानों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। डॉ. एस.आर.के. सिंह, निदेशक, कृषि तकनीक अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी), आई.सी.ए.आर., जबलपुर ने प्रदेश में पारंपरिक दलहनी व तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने हेतु जलवायु अनुकूल किस्मों के चयन और कार्ययोजना निर्माण पर बल दिया। तकनीकी सत्र के दौरान केवीके बेमेतरा, कर्वधा एवं मुंगेली के प्रमुख वैज्ञानिकों डॉ. बी.पी. त्रिपाठी, तोषण कुमार ठाकुर व डॉ. एस.के. लहरे द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। साथ ही प्रस्तावित कार्ययोजनाओं पर विभागीय अधिकारियों और समिति सदस्यों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।इस दौरान प्रगतिशील किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए एवं पशुधन संरक्षण, सीमित चारागाह, फसल अवशेष प्रबंधन, जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, पारंपरिक फसलों के प्रोत्साहन हेतु अनुदान व योजनाएं लागू करने संबंधी सुझाव रखे। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकगण डॉ. प्रदीप सिंह, ईजी.टी.एस. सोनवानी, डॉ. रजनी अगासे, डॉ. प्रमीला जोगी, डॉ. एन.सी. बंजारा, नेहा लहरे, डॉ. जितेन्द्र जोशी, डॉ. थानेश्वर देवांगन, इंजी. पल्लवी पोर्ते, डॉ. लव कुमार, डोमन सिंह टेकाम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी सुमन सिंह पैकरा, देशराज यादव, सुष्मिता कंवर, डॉ. पुष्पराज खटकर, डॉ. नूतन पंचखांडे, दीपा कहिरा, निलेश चंद्रवंशी, सुंदर वर्मा, अमित वर्मा सहित 70 से अधिक अधिकारी और किसान उपस्थित थे।

## शिक्षा के व्यावसायीकरण के विरोध में पुतला दहन

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में निजी स्कूल संचालकों द्वारा किए जा रहे शिक्षा के व्यवसाय के खिलाफ खोले गए मोर्चा के तहत एनएसयुआई ने एक बार फिर प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित डीईओ कार्यालय के सामने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा स्कूल शिक्षा विभाग का पुतला दहन किया। इससे पूर्व एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने रैली निकाली और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस संबंध में एनएसयुआई के जिलाध्यक्ष शीतेष चन्द्रवंशी तथा युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने बताया कि जिले में शिक्षा के व्यवसायीकरण के खिलाफ एनएसयुआई का हप्ते भर के भीतर यह दूसरा विरोध प्रदर्शन है। इससे पूर्व एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने कवर्धा नगर व जिले में संचालित निजी स्कूल संचालकों द्वारा किए जा रहे शिक्षा के व्यवसाय के तमाम साक्ष्य जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उपलब्ध कराए हैं।

## आखिर कब होगा समस्या का समाधान...




**कोलेगांव। जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम** कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क का हालबेहाल, बारिश के बाद खस्ताहाल मार्ग में वाहनो का चलना हो रहा दूभर, वाहन चालक सहित यात्री व क्षेत्रवासी हलाकान, परेशान। शासन प्रशासन लोगों की समस्याओं के प्रति नहीं दिखा रही संवेदनशीलता।

# 6 दिवसीय एफएलएन व नवीन पाठ्यपुस्तक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में 28 जून से 3 जुलाई तक नवीन पाठ्य पुस्तक पर आधारित बीआरजी का 6 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। यह प्रशिक्षण नई शिक्षा नीति एनएपी 2020 के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में पूरे बेमेतरा जिले के

- प्रशिक्षण बच्चों के सीखने की क्षमता को और मजबूत बनाएगा: डाइट प्राचार्य
- नई किताबें बच्चों की सोच एवं उनकी भाषा के बहुत करीब
- शिक्षक दृढ संकल्पित इरादे के साथ काम करे, तो कोई भी कार्य असम्भव नहीं: डाइट प्राचार्य

साजा, बेमेतरा, बेरला और नवागढ़ चारों विकास खंड से 9-9 प्रशिक्षार्थियों को बीआरजी के रूप में आमंत्रित किया गया था। जो यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने विकासखंड में प्रशिक्षण देंगे। समापन अवसर पर डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि आज सभी शिक्षक संकल्प लेकर जाएं कि हमें बच्चों के हित में बेहतर से बेहतर कार्य करके दिखाना है और जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करना है। यदि आप मन में ठान ले, तो कोई भी कार्य आप कर सकते हैं कहा भी जाता है कि मन के जीते, जीत है, मन के हारे हार।

शिक्षक अगर दृढ़ संकल्पित इरादे के साथ कार्य करें तो उसके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं। हमारी शुभकामनाएं आप सबके साथ है आप अपने प्रतिभा के दम पर उत्कृष्ट कार्य कर जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयां पर ले जा सकते हैं। और इसी दिशा में हम सबको मिलजुल कर कार्य भी करना है। आपने इन 6 दिनों में जो कुछ भी सीखा है इसे 100% बच्चों के बीच लेकर जाएं। तभी हम अपने मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान की दक्षता को बहुत जल्दी प्राप्त कर सकेंगे। आने वाले दिनों में आप विकासखंड स्त्रोत व्यक्ति बीआरजी के रूप में अपने-अपने विकास खंड में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस प्रशिक्षण में गुणवत्ता दिखनी भी चाहिए।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई चर्चा

जिला स्त्रोत व्यक्ति और मास्टर ट्रेनर्स सूरज कुंजाम के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा, निपुण भारत मिशन, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा उद्देश्य एवं महत्व, स्कूली शिक्षा के 5 + 3 + 3 + 4 पैटर्न, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, उद्देश्यों एवं लक्ष्य व डोमेन पर चर्चा, बुनियादी गणित, बुनियादी गणित सीखने के पांच एप्रोच, घटक, चरण व आकलन कैसे करें विस्तृत रूप से बताया गया। भाषा शिक्षण के सिद्धांत, बहुभाषी शिक्षा,गणित का चौथा ब्लॉक गणित की खेल-खेल क्या है, क्यों, कैसे, ध्यान रखने वाली योग्य बातें एवं डेमो प्रदर्शन किया गया। पर्यावरण विषय वस्तु का संपूर्ण परिचय साप्ताहिक कार्य योजना, पाठ प्रदर्शन एवं आकलन एवं ऋतु परिवर्तन की भूमिका को विस्तार से बताया गया। जिला स्त्रोत व्यक्ति और मास्टर ट्रेनर्स शिक्षिका यामिनी बर्मन के द्वारा भाषा के चार मॉडल मौखिक भाषा, डिकोडिंग, पढ़ना व लिखना पर प्रस्तुतिकरण के साथ चर्चा, पाठ्यपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका, व शिक्षक संदर्शिका का संयोजन, मेरा सफर ट्रेकर, साप्ताहिक ट्रेकर, व आकलन के प्रकार पर चर्चा, संख्या एवं संक्रियायें, पर्यावरण के पाठ योजना निर्माण अंग्रेजी के चार ब्लॉक मॉडल पर डेमो, खेल एवं योग में अष्टांग योग का परिचय एवं महत्व पाठ्यपुस्तक का निर्माण, पंचकोशी सिद्धांत को बताया गया।

### ये रहे उपस्थित

जबकि प्रशिक्षार्थी के रूप में राधेश्याम बैस, कुमार वर्मा, खिलेंद्र साहू, प्रीतम चंद्राकर, मन्नू लाल साहू, उद्धव साहू, दीपक कुमार यादव, निखिल तिवारी, शांत कुमार पटेल, डोगेंद्र कुंजाम, सावित्री साहू, जलेश गायकवाड़, हारून अली सहित 36 बीआरजी उपस्थित रहे।

# बिरनपुर की 36 एकड़ भूमि में पौधारोपण विधायक साहू की उपस्थिति में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा




छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम कवर्धा परियोजना मंडल द्वारा "हरिहर छत्तीसगढ़ योजना" के अंतर्गत आज ग्राम बिरनपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय ईश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 36 एकड़ शासकीय भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया, जिसमें वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीणजन व स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय सहभागिता रही।

विधायक ईश्वर साहू ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहाः वृक्ष हमारी धरोहर हैं, यह न केवल पर्यावरण को संजीवनी देते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित जीवन भी प्रदान करते हैं।एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से हम सभी को प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का संकल्प लेना चाहिए।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में करोड़ों पौधे रोपित किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी इस मिशन को जनआंदोलन बनाकर 'हरित प्रदेश' की दिशा में आगे बढ़ना है।"उन्होंने यह भी कहा कि—मेरे अपने ग्राम बिरनपुर की भूमि पर यह महाअभियान शुरू होना मेरे लिए गर्व की बात है। यह अभियान न केवल पर्यावरण सरंक्षण का कार्य है, बल्कि भावनात्मक रूप से 'माँ' के नाम पर समर्पण का प्रतीक भी है।" इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे:श्री गोवेन्द्र पटेल (जिला पंचायत प्रतिनिधि, बेमेतरा) श्री जितेन्द्र साहू (अध्यक्ष, जनपद पंचायत साजा)

सुरेखा लीलाराम सिन्हा (सभापति), परमानंद यदु, मीना राम सिन्हा, कैलाश जीवन वर्मा, मिलाराम विश्वकर्मा, भागीरथी साहू, डोमार वर्मा, भागवत वर्मा, देवनारायण साहू, भुवन साहू, हनुमंत साहू, नेतराम साहू, भगवती साहू, हरचंद जैन, विनोद गंधर्व, दिनेश वर्मा, दुर्गा प्रसाद यदु, बीरेंद्र वर्मा, दानी सिन्हा, नरेंद्र ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने विशेष योगदान दिया और उपस्थित सभी जनों को पौधारोपण के महत्व को समझाते हुए "हरित बेमेतरा" का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजन ने कम से कम एक पौधा लगाने और उसे संरक्षित करने की प्रतिज्ञा ली।

# बच्चों व माताओं को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ.वर्णिका शर्मा ने शुक्रवार शाम जिलाचिकित्सालय पहुंची उन्होंने एमसीएच बिल्डिंग में प्रसव कक्ष,पोषण पुनर्वास केंद्र एसएनसीयू वार्ड समेत अन्य चिकित्सा इकाइयों का गहन अवलोकन किया।

इस दौरान डॉ. शर्मा ने अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं उनके परिजनों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही इलाज एवं देखरेख की सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सा स्टाफ द्वारा दी जा रही सेवाओं और अस्पताल परिसर में उपलब्ध स्वच्छता एवं सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षद नीतू कोठारी, प्रफुल्ल शर्मा भी उनके साथ उपस्थित थे ई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़, सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक निराला, मेट्रन, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ. स्वाति यदु, जिला मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, फीडिंग डेमॉन्स्ट्रेटर दीप्ति धुरंधर समेत अन्य चिकित्सकीय स्टाफ एवं मरीजों के परिजन मौजूद थे ।

### पोषण डाइट का अवलोकन किया

डॉ. शर्मा ने अस्पताल प्रशासन को कहा कि बच्चों एवं माताओं को समुचित पोषण, समय पर उपचार तथा साफ-सुथरा वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र की विशेष सराहना करते हुए इसे कुपोषण मुक्ति के लिए प्रभावी पहल बताया। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र की पंजी और प्रतिदिन बच्चों की नियमित पोषण डाइट आदि अवलोकन किया ।

## मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए होगी सिटी बस की सुविधा

**भिलाई।** कचान्दुर स्थित चन्दूलाल चन्द्राकर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के आने जाने के लिए सिटी बस की सुविधा मिलेगी। पहुंच मार्ग भी सुधरेगा। महाविद्यालय के प्रबंध कारिणी समिति एवं स्वशासी समिति की नवमीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। दुर्ग संभाग के आयुक्त एस.एन. राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह भी शामिल हुए। बैठक में महाविद्यालय की आठवीं बैठक में किये गये निर्णय के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। बैठक की एजेंडा अनुसार बालक छात्रावास के विद्युतीकरण कार्य, लोक निर्माण विभाग (वि./या.) से प्राप्त प्राकलन अनुसार कराए जाने, महाविद्यालय में स्थित लेक्चर हॉल हेतु इंटरक्टीव पैनल एवं एलईडी टीवी, छात्रावास हेतु फर्नीचर क्रय, महाविद्यालय हेतु एसी, वॉटर कूलर, एक्वागार्ड, यूपीएस एवं सफाई मशीन तथा लेक्चर हॉल हेतु विडियों एवं आडियो सिस्टम का क्रय जैम पोर्टल से भंडार क्रय नियम का पालन करते हुए क्रय करने का निर्णय लिया गया।

भैंसामुडा, बरगा और मोहगांव-मोहतरा सड़क मार्ग पर भरी बरसात में काम जारी

# पाइप बिछाने सड़कें खोदी व बिखरी मिट्टी से हो रहे हादसे, बारिश ने बढ़ाई मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग साजा अंतर्गत ग्राम भैंसामुडा, बरगा और मोहगांव-मोहतरा सड़क मार्ग में पाईपलाईन बिछाने के लिए जेसीबी मशीन से सड़क किनारे खुदाई की जा रही है और मिट्टी सड़क पर ही डाल दी जा रही है। पाइप डालने के बाद पटाई भी ठीक से नहीं किया गया। जिससे आए दिन इन गड्ढों में भारी वाहन फंस जा रहे है।

साथ ही सड़क में मिट्टी फैला देने से राहगीरों के लिए खतरा बन रहे है। आपको बता दें कि हाल ही में कुछ दिनों से अंचल में रिमझीम बारिश के कारण सड़क में फैली मिट्टी कीचड़युक्त हो गए है। वही मोटरसाइकिल वाले व बड़ी वाहनों के लिए मुसीबत बन पड़े है। जो जनहानि जैसे खतरा बन गए है। ठेकेदार की लापरवाही के चलते मुसाफिरों को जान गवाने की बड़ी संभावना जताई जा रही है। ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा लोग भुगत रहे।

### काम मजदूरों के दम पर जारी, जिम्मेदार नदारद

साजा मुख्य मार्ग के कई ग्रामीण अंचल जाने वाले मार्ग में पाईपलाईन बिछाने का काम चल रहे है। पाईपलाईन बिछाने के बाद ठेकेदार द्वारा सड़क पर अधिक मात्रा में मिट्टी छोड़ देने से आय दिनों खतरा बढ़ता जा रहा है। खासकर बारिश होने पर सड़क में चलना और भी ज्यादा बढ़ जाते है। पाइप लाइन की खुदाई के दौरान ठेकेदार का सुपरवाइजर भी मौजूद नहीं रहता है। जिसकी वजह से जेसीबी ऑपरेटर मनमानी ढंग से खुदाई कर मिट्टी पाटने में लापरवाही बरत रहे है। इसके अलावा सुपरवाइजर ने भी अपना एक सुपरवाइजर रखा है। जिससे कार्य में पूरी तरह लापरवाही बरती जा रही है। जानकारी लेने पर पता चला कि इस काम को अंतरराज्यीय कंपनी द्वारा की जा रही है। मौके पर ठेकेदार लापता व नदारद रहे। साथ ही साईड इंजीनियर तक न होना लापरवाही की सीमा पार कर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जा रहे है। जबकि नियमानुसार अभी वर्षा के दिनों में चार माह शासकीय खनिज कार्य प्रतिबंधित रहता है लेकिन इसके विपरीत मनमानी ढंग से कार्य कराना शासन के नियमों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। इस समस्या को देखने तक कि समय संबंधित विभाग को भी नहीं है। आलम यह है कि ग्रामीणों में इससे कई कथित सवाल खड़ा हो रहे है। दूसरी तरफ सड़क की दुर्दशा ही बिगडने लगी है।

### वर्षा ऋतु में काम आमजनों की समस्या बढ़ी

वर्षा के दिनों में चार माह कार्य प्रतिबंधित रहता है। शासन के नियमों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। जिले में जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने शहर, गांव के गली-मोहल्लों, सड़कों में खोदे गए गड्ढे प्रशासनिक लापरवाही के चलते वर्षा के मौसम में राहगीरों के लिए परेशानियों का सबब बन रहे है। खोदी गई सड़कों को लेकर आम जनता का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। ग्रामीण हो या शहर की सड़कें वर्षा में दलदल में तब्दील हो गई है। गड्ढों को पाटने के लिए मिट्टी भरे जगहों से वाहन के साथ निकलना तो दूर, पैदल चलना भी किसी परेशानी से कम नहीं है। कई सड़कों की हालत इतनी खराब है कि वहां पर वाहन सड़क से गुजरते समय गड्ढों में फंस रहे है। इतना ही नहीं विगत दिनों हुई वर्षा ने इन सड़कों को फिसलन भरा बना दिया, जहां से पैदल व वाहन के निकलने वालों को भी कई बार रपटना पड़ा है।

